दिनांक : 28.04.2024 समय : 07.10 पीएम

आकाशवाणी भोपाल

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- सात मई को तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के मतदान से पहले देशभर में प्रचार तेज। प्रदेश की 9 सीटों पर सभी प्रत्याषियों ने झोंकी ताकत।
- प्रदेश में तीसरे चरण के सभी 9 संसदीय क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान की तैयारी पूरी।
- मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर चलाया जाएगा 'चलें बूथ की ओर' अभियान।
- राज्य के बैतूल, जबलपुर, मंडला और डिंडोरी जिलों में बारिश का अनुमान।

...............

चुनाव प्रचार/तीसरा चरण–देष–प्रदेष

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को होने वाले मतदान से पहले देशभर में चुनाव प्रचार जोरों पर है। इस चरण में 12 राज्यों की 94 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। तीसरे दौर में कुल एक हजार तीन सौ इक्यावन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। कर्नाटक के बेलगावी में प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि पिछले 10 वर्षों में उनकी सरकार ने किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से छोटे किसानों की लागत कम करने और कृषि उपज के लिए बाजार खोलने में सहायता की है। श्री मोदी ने कहा कि सर्वोच्च न्यांयालय ने ईवीएम पर संदेह करने वालों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठी बातें कर लोकतंत्र को कमज़ोर कर रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी गुजरात में कल चुनाव प्रचार शुरू करेंगे।

इधर प्रदेश में तीसरे चरण में 9 सीटों पर 7 मई को मतदान होगा। इसमें बैतूल, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल और राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। यहां 7 मई को वोट डाले जाएंगे। इन सीटों पर 5 मई को चुनाव प्रचार थमने से पहले सभी राजनीतिक दल प्रचार में पूरा जोर लगा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज ग्वालियर में पार्टी प्रत्याशी भारत सिंह के समर्थन में जन सभा को संबोधित किया।

वहीं, केंद्रीय मंत्री और गुना–शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 65 साल सत्ता में रहने के बाद भी कांग्रेस कुछ नहीं कर पाई। 10 साल में मोदी जी ने देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है। कांग्रेस की ओर से राष्ट्रीय प्रवक्ता साधना भारती ने अशोकनगर में कहा की ज्योतिरादित्य सिंधिया जो विकास की बात करते हैं इसके पूर्व वे कांग्रेस में ही थे इसलिए कांग्रेस पार्टी में रहते हुए ही उन्होंने विकास किया है। वहीं राजगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह के समर्थन में पार्टी नेता दीपक जोशी ने वोट करने की अपील की।

मतदाता जागरूकता–प्रदेष

लोकसभा चुनाव के अंतर्गत प्रदेश में तीसरे और चौथे चरण का मतदान 7 मई और 13 मई को होने जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने इन चरणों में संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से मतदान प्रक्रिया में अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए 'चलें बूथ की ओर' अभियान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अभियान के दौरान आयोजित गतिविधियों के उच्च गुणवत्ता के फोटोग्राफ्स एवं वीडियो उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये हैं। आगरमालवा

से हमारे संवाददाता ने बताया है कि "कोई भी मतदाता छूटे नहीं, मतदान का यह क्रम टूटे नहीं" को लेकर जिले के बीएलओ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अन्य मैदानी अमले द्वारा डोर–टू–डोर मतदाताओं से संपर्क किया जा रहा है। मतदाताओं को सूचना पर्ची वितरण के साथ ही पीले चांवल देकर मतदान केंद्र पर वोट डालने हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। मंदसौर में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत बाईक रैली एक मई को सुबह 8 बजे महाराणा प्रताप चौराहा से पशुपतिनाथ मंदिर घाट तक आयोजित की जाएगी। ग्वालियर में कल सुबह थीम रोड कटोराताल पर "चुनावी राहगीरी" का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सांस्कृतिक, बौद्धिक, रचनात्मक व कलात्मक कार्यक्रम एवं पारंपरिक व रोमांचकारी खेलों की प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया।

खंडवा जिले के उत्कृष्ट विद्यालय खालवा में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विशिष्ट शालाओं की प्रवेश परीक्षा देने आए विद्यार्थियों के पालकों को स्कूल प्राचार्य द्वारा मतदाता जागरूकता शपथ दिलवाई गई। साथ ही विभिन्न ग्रामों से आए पालकों से अपील की है कि वे अपने–अपने ग्राम स्तर पर मतदान दिवस पर अधिक से अधिक मतदान कराये। उधर सीहोर जिले में मतदाता के घर पहुंच कर न केवल मतदाता पर्ची प्रदान की जा रही है बल्कि मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। मतदाताओं से मतदान करने की शपथ भी दिलाई जा रही है। नीमच जिले के जावद में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा।

## जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज– आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे वॉट्सएप नंबर 94065 23035 पर अपने और अपने स्थान के नाम  के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

## निर्वाचन तैयारिंया–प्रदेष

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की सभी 9 लोकसभा सीटों पर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने यह बात भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की गई निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा में कही। श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में कुल 871 नाके बनाये गये हैं, जहां पर सतत् निगरानी की जा रही है। लगातार जब्ती की कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही मुरैना में जरूरत अनुसार फोर्स उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर पेयजल, जरूरी दवाइयाँ और टेन्ट की व्यवस्था की जा रही है। मतदाता सूचना पर्ची का वितरण कराया जा रहा है। वहीं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के भी प्रयास लगातार किये जा रहे हैं। गौरतलब है कि श्री भादू ने मुरैना, भिण्ड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ और बैतूल संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक से अलग–अलग चर्चा कर निर्वाचन तैयारियों की जानकारी ली। प्रेक्षकों ने जिलों की टीम द्वारा की जा रही निर्वाचन तैयारियों की जानकारी दी। इस दौरान अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बसंत कुर्रे और स्टेट पुलिस नोडल ऑफिसर अंशुमन सिंह भी उपस्थित रहे।

लोकसभा सीट–गुना

प्रदेश की प्रमुख लोकसभा सीटों की श्रृंखला में आइए आज बात करते हैं गुना लोकसभा सीट के बारे में। विविधताओं से भरे गुना संसदीय क्षेत्र में मालवा का स्वाद मिलता है, तो चंबल के तेवर भी। बुंदेलखंड की तहजीब है तो राजस्थान की झलक भी।

*चंदेरी की साड़ियों के लिए देश भर में मशहूर गुना संसदीय क्षेत्र में आम तौर पर ग्वालियर राजपरिवार का कब्जा रहा है। 2019 के चुनाव को छोड़ दें तो राजमाता विजयाराजे सिंधिया, माधवराव सिंधिया और ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित सिंधिया राजघराने की तीन पीढ़ियों ने ही गुना का प्रतिनिधित्व किया है। 18 लाख 83 हजार से ज्यादा मतदाताओं वाले गुना संसदीय सीट में आठ विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। जिनमें से 2 पर कांग्रेस और 6 पर भाजपा विजयी रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के के पी यादव ने कांग्रेस के ज्योतिरादित्य सिंधिया को परास्त किया था। अब ज्योतिरादित्य सिंधिया खुद भाजपा उम्मीदवार हैं । कांग्रेस ने यादवेन्द्र राव देशराज सिंह को टिकट दिया है. बसपा और कुछ स्थानीय पार्टियों सहित कुल 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि इस बार भी राज परिवार का दबदबा रहता है या कांग्रेस फिर जीत दर्ज कर पाती है।*
*–संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार,भोपाल*

मौसम

अब खबर मौसम की, राज्य के अलग–अलग जिलों में आज भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। जहां कुछ जिलों में बारिश से मौसम सुहाना हो रहा है, तो वहीं कुछ जिलों में चढ़ते पारे ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने बैतूल, जबलपुर, मंडला, डिंडौरी, देवास, रायसेन और शहडोल में अलर्ट जारी करते हुए गरज–चमक और आंधी के साथ बारिश की संभावना जताई है।

समाचार संक्षेप में :–

- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र खण्डवा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक अमित चन्द्र सुनाल ने देवास जिले की बागली विधानसभा क्षेत्र में निरीक्षण किया।
- सुचारू एवं निष्पक्ष निर्वाचन हेतु नियुक्त माइक्रो आब्जर्वर का दूसरे चरण का प्रशिक्षण कल आगरमालवा जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित होगा।
- शून्य प्रतिशत ब्याज स्कीम के तहत कर्जदार किसानों को कर्ज की राशि जमा करने की अंतिम तारीख 30 अप्रैल है। छिंदवाड़ा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक ने सभी समिति व शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि वे कर्जदार किसानों को समय पर कर्ज की राशि जमा करने के लिये प्रेरित करें।
- बैतूल के शाहपुर में दो बाइक आपस में टकराने से दो युवकों की मृत्यु हो गई।

———————————